आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 28.08.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– प्रधानमंत्री जन–धन योजना ने वित्तीय समावेशन के माध्यम से सशक्तिकरण कर देशभर में लोगों का जीवन बदल दिया।
- पिथौरागढ़ में सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक मोस्टा मानू महोत्सव शुरू। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 62 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा – जर्मनी और उत्तराखंड की साझेदारी, प्रदेश के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के वैश्विक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।
- पौड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में सात जिलों की 70 खिलाड़ी मैदान में।

प्रधानमंत्री जन धन योजना

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज 11 वर्ष हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री जन–धन योजना की झलकियां साझा करते हुए बताया है कि इस योजना ने वित्तीय समावेशन के माध्यम से देशभर में लोगों का जीवन बदल दिया। उन्होंने कहा कि जब समाज के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है और यह प्रधानमंत्री जन–धन योजना से संभव हो पाया है।

मोस्टामानू उत्सव

पिथौरागढ़ में सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक मोस्टा मानू महोत्सव आज से शुरू हो गया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून से वर्चुअली संबोधित करते हुए महोत्सव की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ जिले में 62 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि मोस्टामानू महोत्सव पिथौरागढ़ की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह महोत्सव स्थानीय जीवन शैली और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे हैं। पंडित नीरज जोशी ने बताया कि मोस्टा देवता को यहां के लोग बारिश के देवता यानी वरूण देव के रूप में पूजते हैं।

कुंजापुरी मेला बैठक

कैबिनेट मंत्री सुबोधा उनियाल की उपस्थिति में आज टिहरी जिले के नरेंद्रनगर में 49वें सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले के आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में मेले को लेकर गठित विभिन्न समितियों और आपसी सामंजस्य से मेले को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मेले को और अधिक भव्य और सफल बनाने के लिए अभिनव कार्य किए जाएंगे। उन्होंने मेले के दौरान स्कूली बच्चों की क्विज प्रतियोगिता और हाउज़ ऑफ हिमालया से संबंधित स्टॉल लगाने के

निर्देश दिए। टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मेले को दिव्य और भव्य रूप देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

जर्मन प्रतिनिधिमंडल/कार्यशाला

देहरादून स्थित दून विश्वविद्यालय में आज ''जर्मनी का प्रवेश द्वार– कौशल अंतराल को पाटना, भविष्य का निर्माण'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य कौशल विकास विभाग की आयोजित इस कार्यशाला का विभागीय मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शुभारंभ किया। कार्यशाला में जर्मनी से आए इनोवेशन हब राइनमाइन के प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से शिरकत की। यह प्रतिनिधिमंडल राज्य में शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं को लेकर दौरे पर है। इस अवसर पर श्री बहुगुणा ने कहा कि यह साझेदारी उत्तराखंड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के वैश्विक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हमारे युवा न केवल देश, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएं।

महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता

पौड़ी जिले के रांसी स्टेडियम में राज्य स्तरीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर–14, अंडर–17 और अंडर–19 आयु वर्ग की श्रेणियों में पौड़ी, टिहरी, चमोली, हरिद्वार, देहरादून, ऊधमसिंहनगर और नैनीताल जिले की 70 खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रहीं सिमरन बिष्ट ने बताया कि वह स्कूल की पढ़ाई के बाद नियमित दो ढाई घण्टे की प्रैक्टिस करती हैं और विभिन्न स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती हैं।

ऊधमसिंह नगर के बैडमिंटन प्रशिक्षक भरत तिवारी ने कि वे बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के लिए ट्रेनिंग प्लान बनाकर अभ्यास करवाते हैं।

प्रदेश कांग्रेस

कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन को नया स्वरूप देने की कवायद तेज कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में संगठन सृजन कार्यक्रम के लिए जिलावार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इस कार्यक्रम से जुड़ी बैठकों के संचालन में सहयोग के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक समन्वय समिति का गठन भी किया है। संगठन सृजन कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी की जड़ों को मजबूत करने के साथ ही कांग्रेस की विचारधारा और संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

स्काउट गाइड प्रशिक्षण

पौड़ी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चड़ीगांव में सात दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सेवा और अनुशासन के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त आर.एस. नेगी ने कहा कि स्काउट जीवन में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवा–भाव और नेतृत्व का विकास करता है। उन्होंने स्काउटिंग के आदर्शों को व्यावहारिक जीवन से जोड़ते हुए प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला सचिव, स्काउट, केशर सिंह असवाल ने स्काउट के मूल तत्वों को सरल भाषा में समझाया।